


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 17 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 104 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया, पेज-3







## अहमदाबाद में सात स्कूलों को उड़ाने की धमकी, गुजरात पुलिस में हड़कंप

**नई दिल्ली।** गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में सात स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। कलोल में भी एक स्कूल को उड़ाने की धमकी दी गई है। इस धमकियों के मिलने के साथ ही पुलिस प्रशासन और बम स्क्वॉड की टीम ने जांच शुरू कर दी है। अहमदाबाद में स्कूलों को दोपहर 1 बजकर 30 मिनट बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी सभी स्कूलों को ई-मेल के जरिए दी गई। स्कूलों के पास जैसे ही ये ई-मेल आया, इसके बाद से ही पुलिस कंट्रोल रूम अलर्ट पर है। पुलिस प्रशासन ने स्कूल में मौजूद सभी बच्चों को तुरंत ही बाहर निकाला।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर 3 की जिंदा जलकर मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**अलवर।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार देर रात एक पिकअप में आग लग गई। हादसे में तीन लोग बुरी तरह जल गए और मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर रूप से झुलसा हुआ व्यक्ति को जयपुर रेफर किया गया। हादसा रैणी थाना क्षेत्र में रात करीब 1 बजे हुआ। एएसआई मोहम्मद आमीन ने बताया कि अनुमान है कि पिकअप को ड्राइवर साइड की तरफ किसी वाहन ने टक्कर मारी। टक्कर लगते ही पिकअप में आग फैल गई। आग के तेज होने के कारण पिकअप में सवार लोगों के बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। तीनों लोगों के शव सीट पर चिपके हुए मिले।

## अमरेली में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर पलटी, तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जहां, बगसारा में हदाला और डेरी पिपारिया गांवों के बीच तेज रफ्तार से चल रही कार सड़क से उतरकर पेड़ से टकराकर पलट गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना तड़के सुबह चार बजे की है, जब ड्राइवर ने कार का नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

## अमेठी में गैस सिलेंडर फटने से ढहा मकान, एक की मौत

**अमेठी।** एक मकान में मंगलवार देर रात साढ़े 10 बजे छोटा गैस सिलेंडर फट गया, जिससे मकान में डंप कोल्ड ड्रिंक में आग लग गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जामो कस्बा में भादर मार्ग स्थित शिवमहेश पाण्डेय निवासी ग्राम जिया का पुरवा मजरे जामो का दो शटरयुक्त पुरानी दुकान हैं। जिसमें सुभाष चन्द्र पाण्डेय निवासी अतरवां मजरे भोएं किराये पर रहते थे। दुकान में वह कोल्ड ड्रिंक व मिनरल वाटर का गोदाम बनाए थे।

### नेशनल हैराल्ड और जी राम जी मामले को लेकर विपक्ष का हंगामा

# ये सरकार का प्रतिशोध

## विपक्षी सांसदों ने किया संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** आज बुधवार को कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसदों ने 'सत्यमेव जयते; सत्य की जीत!' के नारे वाले पोस्टर पकड़े हुए थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी नेशनल हेराल्ड में सरकार द्वारा अपनाई जा रही प्रतिशोधात्मक राजनीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इससे पहले आज, कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने बेलगावी के सुवर्ण सौधा स्थित गांधी प्रतिमा के पास नेशनल हेराल्ड मामले और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) का नाम बदलकर वीबी-जी राम जी रखने के केंद्रीय सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि नेशनल हेराल्ड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड देश का गौरव है, जिसकी स्थापना जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान की थी और इस मामले में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाया। शिवकुमार ने कहा कि न्याय की जीत हुई है। भाजपा को यह प्रतिशोधी राजनीति बंद करनी चाहिए। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि नेशनल

### ● गांधी प्रतिमा के नीचे बुलंद किया 'सत्यमेव जयते' नारा

हेराल्ड मामले को सत्ताधारी सरकार द्वारा 'राजनीतिक प्रतिशोध' के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है और दावा किया कि यह मामला केवल गांधी परिवार को परेशान करने के उद्देश्य से रचा गया है। इस मुद्दे पर मीडिया को संबोधित करते हुए ख़रगे ने कहा कि आरोपों का कोई आधार नहीं है और दावा किया कि इस मामले में कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज नहीं की गई है। खरगे ने कहा कि वे यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रहे हैं। यह मामला केवल गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस मामले में कोई एफआईआर नहीं है... हमारा नारा है 'सत्यमेव जयते', और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं। मंगलवार को दिल्ली की अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अभियोजन शिकायत का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि अनुसूचित (आधारभूत) अपराध के लिए एफआईआर के अभाव में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्यवाही नहीं की जा सकती।

## नीतीश को धमकी : माफी मांग लो, जान बच जाएगी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हिजाब मामले में पाकिस्तान के चर्चित आतंकी शहजाद भट्टी ने धमकी दी है। उसने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा है कि नीतीश सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे, नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा। भट्टी ने कहा कि अभी समय है, वह उस महिला से माफी मांग लें। अगर आज माफी नहीं मांगी तो जिम्मेदार संस्थाओं को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। बाद में यह मत कहना कि चेतावनी नहीं दी गई थी। धमकी के बाद बिहार पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की टीम एक्टिव हो गई है।



### नीतीश के हिजाब खींचने के मामले ने पकड़ा तूल


# महिला का नौकरी ज्वाइन करने से इंकार

### ● यूपी के मंत्री का बयान- कहीं और छू लेते तो क्या होता?

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार ने जिस महिला डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब हटाया था। अब वो बिहार सरकार की नौकरी जॉइन नहीं करेंगी। डॉक्टर के भाई ने एक मीडिया चैनल से बात करते हुए कहा है कि, मेरी बहन ने नौकरी नहीं करने का पक्का इरादा कर लिया है। हालांकि, मैं और परिवार के लोग उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। हम उन्हें बता रहे हैं कि गलती दूसरे की है, तो उन्हें बुरा



क्यों लगना चाहिए। किसी और की वजह से नौकरी क्यों छोड़नी चाहिए। वो अभी मेंटल ट्रॉमा में चल रही हैं। नुसरत परवीन को 20 दिसंबर को नौकरी जॉइन करनी थी। हिजाब हटाने वाली घटना के बाद आज भी CM के इस कार्यक्रम को JDU के पेज से लाइव नहीं किया गया। इस कार्यक्रम में मीडिया की एंट्री बैन कर दी गई थी। मंगलवार को भी ऊर्जा विभाग में नियुक्ति पत्र बांटने के दौरान मीडिया की एंट्री बैन कर दी गई थी। आपको क्या लगता है कहीं और भी छू लेते हैं क्या? नहीं... नकाब पर आप लोग इतना कह रहे हैं। कहीं चेहरा-वेहरा छू लेते...कहीं और उंगली पड़ जाती तब क्या करते आप लोग? वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेंगलुरु के एक वकील ओवैज हुसैन एस ने नीतीश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।




# यूपी में आ गयीं सर्द हवाएं

### ● पचास से ज्यादा जिलों में कोहरे ने मचाया कहर, दर्जनों की संख्या में ट्रेनें विलंबित, उड़ानों पर गहरा प्रभाव

**लखनऊ।** देश के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पहाड़ी राज्यों में शुष्क लेकिन तीखी ठंड और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी है, जबकि मैदानी हिस्सों में घना कोहरा और प्रदूषण जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। यूपी में भी शीतलहर का कहर जारी है। 19 जिलों में घना कोहरा छाया है। हालात ऐसे हैं कि ओस की बूंदें रिमझिम बारिश जैसी पड़ रही हैं। बुधवार को लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, समेत 50 जिले कोहरे की चपेट में हैं। कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य रिकॉर्ड की गई। सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।



कल इटावा प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां 7.2°C न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बुलंदशहर में पारा 8°C दर्ज किया गया। पहाड़ों पर बर्फबारी और पछुआ हवाओं ने लोगों को घरों में दुबक कर रहने को मजबूर कर दिया है। इधर, कोहरे की वजह से लखनऊ एयरपोर्ट से 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि रियाद से आने वाली फ्लाइट को दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। विमान ने आसमान में काफी देर तक चक्कर लगाए, लेकिन एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा ट्रेनों की आवाजाही पर भी खराब मौसम का असर दिख रहा है। 50 से ज्यादा ट्रेनें अपने समय से घंटों की देरी से चल रही हैं।

## चांदी पहली बार पहुंची 2 लाख रुपये के पार

**नई दिल्ली।** चांदी आज यानी 17 दिसंबर को पहली बार 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार निकल गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 8,775 रुपए बढ़कर 2,00,750 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 1,91,977 रुपए पर थी। इस साल इसकी कीमत 1,14,733 रुपए बढ़ चुकी है। वहीं, सोना आज 936 रुपए बढ़कर 1,32,713 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,31,777 रुपए पर था। वहीं सोने ने 15 दिसंबर को 1,33,442 रुपए प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। सिर्फ 9 महीने में 1 से 2 लाख पर पहुंची चांदी इसी साल 18 मार्च को चांदी पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 1 लाख से 2 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंचने में सिर्फ 9 महीने का समय लगा। जबकि इसे 50 हजार से 1 लाख रुपए तक पहुंचने में 14 साल लगे थे।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 17 दिसम्बर, बुधवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क



निर्भया दिवस पर नागेपुर में महिला हिंसा के खिलाफ जन-आक्रोश साइकिल रैली निकालतीं लड़कियां। छाया: जनमुख

# बालिका पर चढ़ा दी जेसीबी

## गुस्साये लोगों ने किया सुन्दरपुर चौराहे पर चक्काजाम



**● घंटों यातायात प्रभावित, पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत**

**वाराणसी।** वाराणसी में भेलूपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर चौराहे के समीप जेसीबी से कुचलकर आठ साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों ने सुंदरपुर चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर भेलूपुर एसीपी इंस्पेक्टर के साथ मौके पर पहुंचे।

### ट्रैक्टर-ट्राली को ट्रेलर ने मारी टक्कर चालक की मौत

**मऊ।** मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बख्तावरघाट पुल के पास ग्राम सभा शहरोज फोरलेन पर बुधवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। मऊ की ओर से सीमेंट लादकर कोपागंज आ रहे एक ट्रैक्टर को पीछे से आ रही ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बब्बन यादव (45) पुत्र सूबेदार यादव निवासी सलाहाबाद मोड़, थाना कोतवाली मऊ के रूप में हुई है। घटना घने कोहरे के चलते होना बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार घना कोहरा हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।




# निर्भया दिवस पर महिला हिंसा के खिलाफ निकाली जन आक्रोश साइकिल रैली




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** निर्भया दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री के सांसद आदर्श नागेपुर से सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं ने घरेलु महिला हिंसा, लैंगिक भेदभाव, यौन उत्पीड़न व शराब बिक्री के खिलाफ साइकिल रैली निकाली. आशा ट्रस्ट व लोक समिति द्वारा आयोजित जन आक्रोश साइकिल रैली में आराजीलाइन और सेवापुरी ब्लाक के दर्जनों गांव से आई सैकड़ों महिलाएं और बालिकाएं नागेपुर स्थित लोक समिति आश्रम पर जुटी। जिसमे नागेपुर से प्रारम्भ हुई साइकिल रैली मेंहदीगंज, बीरभानपुर, कचनार, राजातालाब बाजार और आराजीलाइन ब्लाक मुख्यालय होते हुए राजातालाब तहसील पर पहुंची। तख्ती-बैनर लिए तहसील गेट पर बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

# पुनर्निरीक्षण के बाद भी मतदाता सूची सही क्यों नहीं?

**● कांग्रेस नेता आयोग को पत्र लिखकर उठाया सवाल**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता/उपाध्यक्ष संजय चौबे ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे पत्र में लिखा है कि आपके द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में प्रत्येक साल मतदाता पुनर्निरीक्षण का कार्य कराया जाता है एवम इस समय एसआईआर की प्रक्रिया जारी है,मतदाता पुनर्निरीक्षण में प्रत्येक साल मतदाता सूची पर देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई कों खर्च किया जाता है वोटरलिस्ट कों शुद्ध करने के लिये, लेकिन इतना समय और धन खर्च करने बाद भी वोटर लिस्ट शुद्ध नहीं हुई। इसी कारण देश के कई राज्यों मे एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है जबकि संविधान के अनुच्छेद 324के धारा 21 के तहत एस आई आर की प्रक्रिया तभी करायी जाती है जब राज्य का पुनर्गठन हो,लोकसभा और विधानसभा की सीमाओं का पुनर्गठन हो या वोटरलिस्ट में भारी अनियमितता की शिकायत मिले।

# कैंटोनमेंट बोर्ड को मिला वर्ष 2025 का रक्षा मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कैंटोनमेंट बोर्ड को नगरीय सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन, Solid waste management में नवाचार तथा उत्पन्न कचरे के शून्यकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए स्वच्छ छावनी-स्वस्थ छावनी श्रेणी अंतर्गत रक्षा मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 प्रदान किया गया है। यह सम्मान छावनी परिषद की कुशल कार्यप्रणाली पर्यावरण हितैषी नीतियों और सामूदायिक/ जन-सहयोग आधारित विकास मॉडल का प्रमाण है। छावनी परिषद् वाराणसी के सी.ई.ओ सत्यम मोहन के मार्गदर्शन और अथक परिश्रम के फलस्वरूप, वाराणसी छावनी बोर्ड नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए लगातार नए-नए प्रयास कर रहा है।

# उर्वरक एवं बीज भंडारों पर छापेमारी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शासन के निर्देशानुसार कृषकों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने, कालाबाजारी रोकने तथा उर्वरक गुणवत्ता बनाये रखने, बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध स्टाक एवं पी0ओ0एस0 मशीन में प्रदर्शित स्टाक का सत्यापन करने के निमित्त जनपद-व्यापी चेकिंग अभियान के तहत् उर्वरक निरीक्षक एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर जनपद के साधन सहकारी समितियों, पी0सी0एफ0 विक्रय केन्द्रों, इफको सेवा केन्द्र, आई0एफ0एफ0डी0सी0, औद्यानिक समिति एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के बिक्री केन्द्रों/गोदामों पर मंगलवार को छापे की कार्यवाही की गयी। टीम का गठन जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के आदेश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# छोटी गैवी में रोड व संपूर्णानंद कॉलोनी में नलकूप का शिलान्यास

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी महापौर द्वारा वार्ड न0 53, सिगरा के छोटी गैवी में रोड व संपूर्णानंद कॉलोनी में नए नलकूप का शिलान्यास किया गया। जिसकी कुल लागत 54 लाख 39 हजार हैं। वार्ड सिगरा के छोटी गैवी स्थित में भारतीय शिशु मंदिर रोड से होते हुए तेल्वाला धर्मशाला से रथयात्रा रोड तक सड़क व नाली के कार्य का शिलान्यास किया गया जिसकी लागत 08 लाख 41 हजार हैं। वहीं सिगरा के संपूर्णानंद कॉलोनी में एक नग बड़े नलकूप रिबोर का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 45 लाख 98 हजार रुपए है। इसी क्रम में संपूर्णानंद कॉलोनी के पार्क में स्मार्ट सिटी द्वारा कराए जा रहे सुंदरीकरण का भी निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर पार्षद सिंधु सोनकर, पुन्नू बिन्द, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


जनमुख डेस्क

# ट्रंप के टैरिफ से उद्यमियों को राहत देगी RBI की नई नीति

**● भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्यातकों को दी राहत, उद्यमियों के खिले चेहरे**


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आईआईए इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के. चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को मलदहिया स्थित विनायक प्लाजा में आयोजित बैठक के दौरान वाराणसी के उद्यमियों एवं निर्यातकों ने भारतीय रिज़र्व बैंक की नई मौद्रिक नीति की सराहना करते हुए इसे उद्यमियों एवं निर्यातकों के लिए हितकारी तथा भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला कदम बताया। इस मौके पर आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के. चौधरी ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए नए दिशा निर्देश के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिन भी निर्यातकों ने पिछले दो वर्षों, वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में अपने कुल निर्यात का 5 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात किया है उन्हें अपनी कार्यशील पूंजी का 20 प्रतिशत अतिरिक्त भाग कार्यशील पूंजी में सरप्लस के रूप में प्राप्त होगा जिसकी ब्याज दर भी पूर्व निर्धारित ब्याज दर से एक प्रतिशत कम होगी । यह अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उद्यमी को चार वर्ष के लिए प्राप्त होगी। आई आई ए के राष्ट्रीय महासचिव दीपक कुमार बजाज ने भारतीय रिजर्व बैंक के नए नियमों का स्वागत करते हुए कहा कि यह नीति भारतीय निर्यातकों को ट्रंप टैरिफ़ के कारण उनके कारोबार में आई गिरावट से उबरने में मदद करेगा, इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा अपितु वैश्विक बाजार में आई मंदी से भी निर्यातकों को उबरने में आसानी होगी । बैठक में उमाशंकर अग्रवाल, राजेश भाटिया, अनुपम देवा, नीरज पारिख, पंकज अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल सहित वाराणसी के उद्यमी व निर्यातक मौजूद रहे।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

# येलो स्पॉट को समाप्त करने का अभियान तेज



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम वाराणसी द्वारा 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत शहर के भीतरी क्षेत्रों और व्यस्त स्थानों पर 'येलो स्पॉट' अर्थात् खुले में पेशाब किये जाने वाले चिन्हित स्थानों को समाप्त करने की कार्रवाई तेज़ी से की जा रही है। अब तक कुल 110 येलो स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। निगम के सफ़ाई दल तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा इन सभी स्थानों पर यथा-समय कार्यवाही की जा रही है।

# स्वाद का ताज शाजिदा के सिर

**● बुंदेली शेफ सीजन -3 का छतरपुर में ग्रैंड फिनाले**

**जनमुख डेस्क।** पिछले दो महीनों से बुंदेली महिलाओं की पाककला और आत्मविश्वास का उत्सव बन चुकी बुंदेली शेफ सीज़न 3 प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार को छतरपुर स्थित द रुद्राक्ष होटल में हुआ। बुंदेलखंड 24x7 द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में स्वाद, हुनर और जुनून की ऐसी जुगलबंदी देखने को मिली, जिसने पूरे बुंदेलखंड को एक बार फिर अपनी रसोई पर गर्व करने का मौका दिया। कड़े मुकाबले को पार करने के बाद झाँसी की शाजिदा अमीर ने अपने लाजवाब बुंदेली व्यंजनों से जजेस को प्रभावित करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, पन्ना की नैंसी शिवहरे, जो वर्तमान में बेंगलुरु में रह रही हैं, ने प्रथम उपविजेता तथा छतरपुर की विभा अग्निहोत्री ने द्वितीय उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फिनाले में विभा अग्निहोत्री, स्वप्निल मोदी, रश्मि ठाकुर, शाजिदा अमीर, नैन्सी शिवहरे और वाइल्ड कार्ड एंट्री के ज़रिए शामिल हुईं रानू झा ने अपने हुनर का दमखम दिखाया। वहीं फाइनल तक पहुँचने वाली अन्य तीन प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। ग्रैंड फिनाले में छतरपुर की विधायक ललिता यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।



जनमुख डेस्क

# संभव जनसुनवाई में 116 फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम वाराणसी में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली संभव जनसुनवाई कार्यक्रम में आज कुल 116 फरियादी अपनी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जनसुनवाई का आयोजन सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक नगर निगम मुख्यालय में किया गया। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने स्वयं उपस्थित होकर सभी शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति, सीवर एवं जलनिकासी, नामांतरण, अतिक्रमण, सड़क एवं खड़ंजा निर्माण, मार्ग प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) सहित अन्य नगर सेवाओं से संबंधित समस्याएं प्रस्तुत की गईं। नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल एवं समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

# चित्र प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी के नमो घाट पर आयोजित 'काशी तमिल संगमम् 4.0' में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 3 से 15 दिसम्बर तक लगाई गई चित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी रही। 13 दिन तक चली प्रदर्शनी को हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं, विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए हुए शिक्षक, तमिलनाडु से आये विभिन्न समूह, पत्रकारगण एवं जन सामान्य द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में संत कबीरदास, संत रविदास, पंडित मदन मोहन मालवीय, बिस्मिल्लाह खान, पंडित रविशंकर, जयशंकर प्रसाद इत्यादि के जीवन दर्शन को सचित्र हिंदी और तमिल भाषा के शब्दों में दर्शाया गया। चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किये जा रहे सरकार के जन कल्याणकारी नीतियों, प्रयासों एवं योजनाओं को भी दर्शाया गया है।

## मीरजापुर समाचार

### हाईवा की चपेट में आकर वृद्ध और नील गाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत



**नरायनपुर जमालपुर।** अदलहाट के नरायनपुर ओवरब्रिज से पास सिकिया गांव के सामने सोमवार की शाम को हाईवा की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। वहीं, जमालपुर के ओईनवा गांव के पास सोमवार की रात वाराणसी से लौटते समय नील गाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

अदलहाट के सिकिया गांव निवासी बल्लू यादव (80) साइकिल से बाजार गए थे। शाम को घर लौट रहे थे। वाराणसी से सोनभद्र जा रही तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में वे आ गए। परिजन घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। घायल बल्लू यादव को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। नरायनपुर पुलिस ने हाईवा को कब्जे में ले लिया है। मृतक की कोई संतान नहीं है। चौकी प्रभारी अजय मिश्रा ने शव का पंचनामा कराया। थानध्यक्ष अजय सेठ ने बताया कि हाईवा की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई है।

## सुल्तानपुर समाचार

### चांदा में विवाहिता की डंडे से पीटकर हत्या

**चांदा।** मदनपुर देवरार निवासी मनोज निषाद की पत्नी नीलम (20) की मंगलवार सुबह घर पर डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। मृतका के पिता ने ससुरालीजन पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए चांदा थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नीलम के पिता राम शिरोमणि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुत्री नीलम का विवाह करीब तीन साल पहले मदनपुर देवरार निवासी मनोज से किया था। विवाह के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग कर उसे परेशान करते थे। मंगलवार को उन्हें मदनपुर देवरार के ग्रामीणों ने बताया कि ससुरालीजन ने नीलम की अज्ञात हथियार से मारकर हत्या कर दी है। जब राम शिरोमणि मदनपुर देवरार गांव पहुंचे तो पता चला कि उनकी बेटी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सोनभद्र समाचार

### शराब के नशे में की थी पिटाई, नहीं पता था कि पत्नी मर जाएगी



**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सेंदूर ग्राम पंचायत के तेलजर गांव में 30 नवंबर की रात पत्नी की हत्या करने के आरोपी बबलू को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब के नशे में उसने पत्नी की पिटाई की थी।

यह नहीं पता था कि पत्नी की मौत हो जाएगी। थाना क्षेत्र के सेंदुर ग्राम पंचायत के तेलजर गांव में 30 नवंबर की रात्रि में पति-पत्नी में कहासुनी हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी फूलमति (40) को मारकर लहूलुहान कर दिया। बाद में पत्नी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फूलमति के पिता ने बेटी की हत्या करने के आरोप में दामाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को पूछताछ में बबलू ने बताया कि शराब के नशे में आपस में कहासुनी होने पर पत्नी को पीट दिया था। वह नहीं जानता था कि पत्नी मर जाएगी। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि पत्नी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मऊ समाचार

### सीमेंट लादकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को ट्रेलर ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**मऊ।** जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बख्तावरघाट पुल के पास ग्राम सभा शहरोज फोरलेन पर बुधवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। मऊ की ओर से सीमेंट लादकर कोपागंज आ रहे एक ट्रैक्टर को पीछे से आ रही ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बब्बन यादव (45) पुत्र सूबेदार यादव निवासी सलाहाबाद मोड़, थाना कोतवाली मऊ के रूप में हुई है। घटना घने कोहरे के चलते होना बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार घना कोहरा हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

## भदोही समाचार

### बूथों पर अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर तीन दिन में कराएं वोटरों की मैपिंग

**ज्ञानपुर।** मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक की। इसमें अब तक की प्रगति जानी। बूथों पर अतिरिक्त कर्मचारियों को लगाकर अनमैप्ड मतदाताओं के सत्यापन का निर्देश दिया। इसमें लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 12 लाख 33 हजार 324 मतदाता हैं। इनमें अब तक 10 लाख 24 हजार मतदाताओं का गणना प्रपत्र डिजिटाइज्ड हो चुका है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ और बीएलए की बैठकें 12 एवं 13 दिसंबर को हो चुकी है। अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को दी गई है। मंडलायुक्त ने एएसडीडी गणना प्रपत्रों को लेकर ईआरओ, एईआरओ को निर्देश दिया कि मतदाताओं का अगले तीन दिनों में अतिरिक्त कर्मी लगाकर सत्यापन कराएं। कहा कि यदि मतदाता दिए पते पर नहीं मिलते हैं तो उनके आसपास के दो व्यक्तियों से इस आशय की गवाही करा ली जाए कि मतदाता अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं। यदि आस पड़ोस के व्यक्ति हस्ताक्षर करने को तैयार नही हों तो ऐसे गणना प्रपत्र पर उन पड़ोसियों का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करें। कहा कि गांव में अधिकतर मतदाता कृषि और मजदूरी के लिए घर से निकल जाते हैं। इसलिए सुबह आठ बजे से ही सत्यापन कार्य की शुरुआत करें।

## जौनपुर समाचार

### चलती ऑटो से गिरकर महिला की मौत

**जौनपुर।** मोहनिया थाना क्षेत्र के भाखर गांव के समीप मंगलवार की सुबह चलती ऑटो से एक महिला अचानक गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को अनुमंडली अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के दसौती गांव की रहने वाली अमरजीत खरवार की पत्नी दायवंति देवी (35) अपने ससुराल से रोहतास जिले के कोचस स्थित अपने मायके जाने के लिए मंगलवार की सुबह ऑटो में बैठ गई। ऑटो जैसे ही भरखर स्थित काली माता मंदिर के पास पहुंचा तभी दायवंति ऑटो से गिरकर घायल हो गई। अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक डॉ. विजय कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मोहनिया थाना के सब इंस्पेक्टर पारस कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गोरखपुर समाचार

### तेज हवा ने बढ़ाई गलन, अगले कुछ दिन घने कोहरे के आसार



**गोरखपुर।** बुधवार की सुबह जबरदस्त ठंड देखने को मिली। शहर के अधिकांश इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़कों पर विजिबिलटी काफी कम हो गई। सुबह के समय लोगों को घरों से निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोहरे और ठंडी हवाओं के चलते कई स्थानों पर यातायात की रफ्तार भी धीमी रही। वहीं सुबह और देर शाम चल रही तेज ठंडी हवाओं के कारण गलन का असर अधिक महसूस किया जा रहा। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों तक घने कोहरे का आसार है। जिससे ठंड और बढ़ेगी। वहीं तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट भी देखी जा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार गोरखपुर में आज का अधिकतम तापमान करीब 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। हालांकि तापमान के ये आंकड़े सामान्य के आसपास हैं, लेकिन हवा में नमी और सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर कहीं अधिक महसूस किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. कैलाश पांडेय ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से गोरखपुर और आसपास के इलाकों में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी वजह से कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है और सुबह-शाम ठंड ज्यादा महसूस हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। अगले कुछ दिनों तक सुबह और रात के समय घना कोहरा छाए रहने और सर्द हवाएं चलने के आसार हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने, वाहन चलाते समय सावधानी बरतने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

## गाजीपुर समाचार

### अंतर महाविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 18 से

**गाजीपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 18 दिसंबर से किया गया है। शहर के स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित मैदान पर होने वाली इस चैंपियनशिप में विभिन्न जिलों की आधा दर्जन से अधिक टीमें प्रतिभाग करेंगी। इसको सकुशल संपन्न कराने की तैयारी शुरु हो गई है। महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक संजय कुमार राय ने बताया कि 20 तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। गाजीपुर, जौनपुर एवं हंडिया की कुल सात टीमों की तरफ से सोमवार की दोपहर तक भाग लेने की उम्मीद व्यक्त की गई है। बताया कि प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में अलका सिंह उपस्थित रहेंगी। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय की टीम में किया जाएगा।

## चंदौली समाचार

### जमीन कारोबारी की बिहार में हत्या, बदमाशों ने गोली मारकर वारदात को दिया अंजाम



**चंदौली।** जिले के धानापुर थाना क्षेत्र के नेकनामपुर गांव निवासी जमीन कारोबारी ओर रिटायर्ड सैन्यकर्मी राजेश यादव उर्फ फौजी (59) की बिहार के रोहतास में मंगलवार को गोली मारकर हत्या दी गई।

बिहार पुलिस के साथ सदर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के पीछे जमीन के लेनदेन का विवाद मुख्य कारण माना जा रहा है। परिजनों के अनुसार, राजेश यादव करीब तीन साल से बिहार के चेनारी में जमीन का व्यवसाय कर रहे थे। वह 14 दिसंबर को अपने चचेरे भाई नारद यादव के साथ स्कॉर्पियो से बिहार गए थे और चेनारी में अपने पार्टनर नारायण यादव के घर पर ठहरे हुए थे। मंगलवार की सुबह बदमाशों ने उन्हें दो गोलियां मार दीं।

घटना के समय नारद यादव टहलने के लिए बाहर गए थे। जब वह लौटे तो कमरे में खून फैला देखा। राजेश यादव कमरे में घायल अवस्था में पड़े थे। आनन-फानन उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर वहां से रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सदर थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि बिहार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बलिया समाचार

### तेज रफ्तार कार सड़क किनारे कटरे में घुसी, दो दोस्तों की मौत

**बलिया।** बलिया- सिकंदरपुर मार्ग के धरहरा गांव के पास मंगलवार की देर रात एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कटरा में घुस गई। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सुखपुरा थाना प्रभारी सुशील दुबे ने बताया कि अपाइल निवासी रोहित सिंह (22), अभिषेक सिंह (25), सुजीत तुरहा (24) व आदित्य वर्मा (19) शहर की तरफ कार से जा रहे थे। ये सभी रोहित को घर छोड़ने जीराबती जा रहे थे। धरहरा गांव के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बाईं ओर स्थित कटरे में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। घर में सोए लोगों में खलबली मच गई, टक्कर की आवाज सुन आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

## प्रयागराज समाचार

### कार में आग लगने पर उतरकर भाग रहे भाजपा नेता की वाहन से कुचलकर मौत



**प्रयागराज।** आगरा–मथुरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में भाजपा के युवा नेता अखिलेंद्र प्रताप उर्फ राजू यादव (42) की मौत हो गई। हादसे के बाद कार में लगी आग की चपेट में आने के बाद वह उतरकर भागने लगे, तभी वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव मोहीउद्दीनपुर नहटी थाना सराय ममरेज में कोहराम मच गया। अखिलेंद्र प्रताप यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व. बंशीधर यादव के इकलौते पुत्र थे और भाजपा के सक्रिय नेता थे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी ब्रेजा कार से चार साथियों के साथ भाजपा मंत्री गिरीश चंद्र यादव के पिता की तेरहवीं में शामिल होने जौनपुर गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात वह दिल्ली के लिए रवाना हुए। परिजनों के मुताबिक, भोर करीब तीन बजे आगरा–मथुरा के बीच बलदेव थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास उनकी कार और बस की टक्कर हो गई। टक्कर के तुरंत बाद कार में आग लग गई। कार में सवार राजकुमार, गुड्डू, चालक नीरज व एक अन्य किसी तरह बाहर निकलकर जान बचाने में सफल रहे लेकिन अखिलेंद्र प्रताप यादव भागने के दौरान एक वाहन की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर वृद्ध मां फूलवंती देवी, पत्नी सुनीता, तीन बेटियों और तीन बेटों समेत पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को घर पर सांत्वना देने के लिए भाजपा के कई स्थानीय नेता व जनप्रतिनिधि पहुंचे। देर रात तक शव गांव पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि मोहीउद्दीनपुर नहटी गांव निवासी नीरज, सराय ममरेज थाना क्षेत्र के थानापुर निवासी राजकुमार और खानपुर डांडी निवासी गुड्डू हादसे में बाल-बाल बच गए। पोस्टमार्टम कराने के बाद चालक नीरज एंबुलेंस से अखिलेंद्र प्रताप के शव को लेकर बुधवार को प्रयागराज पहुंचे। एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में हुए भाजपा नेता अखिलेंद्र प्रताप उर्फ राजू यादव का शव को घर लाया गया। पति के शव को देख रो पड़ी पत्नी सुनीता, अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में भाजपा नेता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## देवरिया समाचार

### बोर्ड परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची में होगा संशोधन, 15 केंद्र बदलेंगे

**देवरिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची में संशोधित करने की तैयारी चल रही है। इसमें शामिल 15 परीक्षा केंद्रों के बदले जाने की संभावना है। पिछले दिनों डीएम ने आपत्तियों के निवारण के बाद प्रस्तुत की गई फाइल को लौटा दिया था। इसके बाद से इसकी दोबारा समीक्षा की जा रही है।

यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र बनाने में फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। यूपी बोर्ड ने अनेक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए 30 नवंबर को जिले में 163 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए सूची जारी किया था। इसके बाद जिलेभर के विद्यालयों के संचालकों से आपत्तियां मांगी गई थी। इन आपत्तियों पर तहसीलवार एसडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति ने भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट जिलास्तरीय समिति को सौंप दिया। इस पर डीएम के नेतृत्व में विचार किया गया। इसके बाद संशोधित सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

नई सूची डीएम के सामने प्रस्तुत हुई तो कुछ विद्यालयों के परीक्षा केंद्र अधिक दूरी पर जाने की बात नई सूची में भी दिखाई दी। इसके बाद डीएम ने इसमें संशोधन कर सही करने का निर्देश दिया है।

सूत्रों के मुताबिक सात विद्यालयों ने अपने विभिन्न कारणों से परीक्षा केंद्र न बनाए जाने की गुहार लगाई थी। इसके अलावा करीब आठ और विद्यालयों को जिलास्तरीय समिति ने परीक्षा केंद्र से हटाने के लिए चिह्नित किया है। वहीं करीब 20 नए विद्यालयों को परीक्षा केंद्रों की सूची में जोड़ा जा सकता है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक नीलेश पांडेय ने बताया कि जिलास्तरीय समिति ही परीक्षा केंद्रों को अंतिम रूप देगी। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक के स्तर से कुछ नहीं किया जा रहा है।

## आजमगढ़ समाचार

### 273 केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा होगी:385 आपत्तियों के बाद बदली गई रणनीति



**आजमगढ़।** जिला प्रशासन यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से 18 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद तैयारी में जुट गया है। जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए 273 केंद्रों का निर्धारण किया गया है।

इसके तहत 216 परीक्षा केंद्र उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के माध्यम से ऑनलाइन निर्धारित किए गए हैं। इसके साथी जनपद यह परीक्षा समिति के माध्यम से 57 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर बोर्ड के अधिकारियों के साथ जूम मीटिंग भी की जा चुकी है।

इसके साथ ही जिले में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर 385 आपत्तियां जिला स्कूल निरीक्षक और जिले के डीएम के पास पहुंची थी। इन आपत्तियों में शिफ्टिंग आवंटन आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ परीक्षा केंद्रों पर होने वाली मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण यह आपत्तियां आई थी। ऐसे में इन सभी पर विचार कर लिया गया है। इसकी पुष्टि जिले के जिला स्कूल निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला स्कूल निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 2026 यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का ध्यान नहीं रखा गया था।

यही कारण है कि 385 से अधिक आपत्ति दर्ज कराई गई थी। हालांकि सभी आपत्तियों पर विचार कर लिया गया है। जिसके आधार पर तैयारी कर ली गई है। जिला स्कूल निरीक्षक ने बताया कि 2026 की हाई स्कूल की परीक्षा में 83628 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 86258 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है।

ऐसे में कुल मिलाकर हाई स्कूल और इंटर में 179886 अभ्यर्थियों का नामांकन किया गया है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा में 7223 अभ्यर्थियों से कम है। यूपी बोर्ड के परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जिसे जल्दी से पूरा कर लिया जाएगा।

## लाइफ मंत्र

### क्रिसमस से बदलेगी बांके बिहारी मंदिर की व्यवस्था, अब दर्शन होंगे आसान




प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ के प्रबंधन के लिए प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। जानकारी के अनुसार, क्रिसमस के त्यौहार 25 दिसंबर के आस-पास मंदिर परिसर में एक नई और सुव्यवस्थित दर्शन प्रणाली लागू की जा रही है, जिसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को बिना धक्का-मुक्की किए और अधिक आराम से ठाकुर जी के दर्शन कराना है।

**नई व्यवस्था की ज़रूरत क्यों?**

बांके बिहारी मंदिर एक छोटी संरचना में बना है, जबकि यहां आने वाले भक्तों की संख्या प्रति दिन हजारों में होती है, जो विशेष पर्वों पर लाखों तक पहुंच जाती है। इससे परिसर में अक्सर भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है। नई व्यवस्था इन समस्याओं को दूर करने के लिए बनाई गई है।

**क्या होगा नया बदलाव?**


इस नई व्यवस्था के तहत, मंदिर के भीतर और बाहर कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए जा रहे हैं। मंदिर के मुख्य प्रवेश और निकास द्वारों पर विशेष रूप से मजबूत और चौड़े कतारबद्ध गलियारों का निर्माण किया जा रहा है। यह सुनिश्चित करेगा कि भक्त एक धीमी और निरंतर गति से आगे बढ़ें, जिससे परिसर के अंदर एक जगह पर भीड़ का जमावड़ा न हो। दर्शन के बाद भीड़ को तेजी से बाहर निकालने के लिए अतिरिक्त या वैकल्पिक निकास मार्गों को खोला जाएगा। इससे दर्शन के बाद श्रद्धालु परिसर में देर तक नहीं रुकेंगे और नए भक्तों के लिए जगह खाली होगी।

मंदिर के अंदर और बाहर बड़े डिजिटल स्क्रीन लगाए जाएंगे, जिन पर दर्शन की स्थिति, प्रतीक्षा समय और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदर्शित किए जाएंगे। इससे भक्त बेहतर तरीके से अपनी यात्रा की योजना बना सकेंगे।

**श्रद्धालुओं को क्या लाभ होगा?**

यह नई व्यवस्था सीधे तौर पर दर्शनार्थियों के अनुभव को बेहतर बनाएगी। सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि भक्तों को दर्शन के दौरान होने वाली धक्का-मुक्की और दबाव से राहत मिलेगी। कतारों के सुव्यवस्थित होने से, भक्तों को ठाकुर जी के विग्रह के सामने कुछ सेकंड अधिक रुकने का अवसर मिल सकेगा। भीड़ नियंत्रण बेहतर होने से भगदड़ या अन्य दुर्घटनाओं की आशंका कम हो जाएगी, जिससे विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के लिए यात्रा सुरक्षित होगी।

## Google पर साल 2025 में सबसे ज्यादा सर्च किया गया HMPV वायरस, सरल भाषा में जानिए क्या है?



हाल के समय में आपने खबरों या सोशल मीडिया पर HMPV यानी ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस का जिक्र जरूर देखा होगा। साल 2025 के दौरान यह वायरस गूगल पर लगातार सर्च किया गया, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई। कई लोग यह जानना चाहते थे कि कहीं यह कोई नई महामारी तो नहीं है और क्या इससे डरने की जरूरत है। साल के अंत में, इस वायरस से जुड़ी सच्चाई और जरूरी जानकारी को समझना हमारे लिए बेहद अहम हो जाता है। इस साल 2025 में इंटरनेट में यदि किसी एक वायरस के बारे में अत्यधिक सर्च किया गया है, तो वह है HMPV, इसके मामले काफी खबरों में बने रहे हैं। हर को गूगल पर सर्च करने लगा था यह क्या है? क्या यह नई कोई महामारी है बस एक प्रकार का मौसमी वायरल इन्फेक्शन। आइए आपको इस वायरस की पूरी कहानी बताते हैं।

**क्या है HMPV वायरस?**

आपको यह कन्फ्यूजन दूर करना है कि यह कोई नया वायरस नहीं है। HMPV का पूरा नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस' (Human Metapneumovirus) है। वैज्ञानिकों ने इस वायरस की खोज साल 2001 में ही कर ली थी। यह एक सामान्य 'रेस्पिरेटरी वायरस' (सांस से संबंधित वायरस) है, यह बिल्कुल आम सर्दी-जुकाम या फ्लू की तरह होता है। HMPV वायरस हर साल सर्दियों व वसंत के मौसम में एक्टिव होता है, हालांकि 2025 में इसके सबसे ज्यादा केस देखे गए। जिस वजह से यह काफी चर्चा में रहा है।

**इसके क्या लक्षण हैं**

आमतौर पर HMPV के लक्षण कोरोना या फ्लू से काफी मिलते-जुलते हैं, इसीलिए लोग इस वायरस को लेकर कन्फ्यूज रहते हैं। आमतौर पर संक्रमण होने से 3 से 6 दिनों के बाद लक्षण नजर आते हैं।

- खांसी और गले में खराशः यह सबसे आम लक्षण है।
- बुखारः हल्का या तेज बुखार आना।
- नाक बहना या बंद होनाः जैसे किसी भी वायरल फीवर में होता है।
- सांस लेने में तकलीफः छोटे बच्चों या बुजुर्गों में सांस फूलने की समस्या हो सकती है।

**कैसे फैलता है वायरस?**

गौरतलब है कि यह वायरस आसानी से एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलता है। इसके फैलने के तरीके बिल्कुल कोविड-19 जैसे ही है।
- हवा के जरिए- जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है।
- संपर्क से - जब कोई संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाता है या गले लगने से।
- **सतह छूने से-** अगर वायरस किसी दरवाजे के हैंडल या खिलौने पर है और आपने उसे छूकर अपनी नाक या मुंह को छू लिया।

**किन लोगों को ज्यादा खतरा रहता है**

-छोटे बच्चे (5 साल से कम)- क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो रही होती है।
- बुजुर्ग (65 साल से ऊपर)- जिन लोगों को अस्थमा या फेफड़ों की बीमारी है।
- जो लोग स्वस्थ वयस्क है फिर भी जुकाम जैसा वायरस फैल जाता है जो कि कुछ ही दिनों में ठीक नहीं करता।

**इलाज और बचाव**

- इस दौरान शरीर को रिकवर होने का समय दें और आराम करें।
- शरीर को हाइड्रेटेड रखें, खूब पानी पिएं।
- डॉक्टर की सलाह से सामान्य बुखार की दवा ले सकते हैं।
- इससे बचने के लिए अपने हाथ साबुन से धोते रहें, जो लोग बीमार है उनसे दूरी बनाएं और खांसते समय मुंह को ढकें।



## डायबिटीज के मरीजों के लिए अमृत हैं ये फल, दिल की बीमारियां रहेंगी दूर

**फलों के चुनाव को लेकर डायबिटीज के मरीजों में कंफ्यूजन बना रहता है कि कौन सा फल उनके लिए सुरक्षित है और कौन सा नहीं। ऐसे में आज हम आपको ऐसे 6 फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका प्राकृतिक रूप से ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है।**

पके हुए ताजे फल खाने से शरीर पर वैसा असर नहीं होता है, जैसा प्रोसेस्ड और शुगर से भरपूर फूड आइटम जैसे पेस्ट्री और केक जैसी चीजों को खाने से पड़ता है। बता दें कि फलों में फाइबर और पानी की एक सुरक्षा परत होती है। फल विटामिन्स, पॉलीफेनॉल एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। साबुत और ताजे फलों का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों में ब्लड ग्लूकोज काफी हद तक कम हो जाता है।

हालांकि फलों के चुनाव को लेकर डायबिटीज के मरीजों में कंफ्यूजन बना रहता है कि कौन सा फल उनके लिए सुरक्षित है और कौन सा नहीं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे 6 फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका प्राकृतिक रूप से ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है।

**जानिए क्या है फलों का सुरक्षित डोज**

एक स्टडीज के अनुसार, डायबिटीज से पीड़ित जो मरीज फल खाते हैं, उनको दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। इसके बाद भी इन मरीजों को एक तय मात्रा में फल खाने की सलाह दी जाती है। एक्सपर्ट के अनुसार, एक बारे में ढेर सारा फल खाने की बजाय पूरे दिन में इसको तीन हिस्सों में बांटे। फिर इनके खाने के समय के बीच में गैप रखें। एक बारे में दो बड़े चम्मच से लेकर एक चौथाई कप तक फल खाना सुरक्षित होता है।

**सेब**

सेब का सेवन करने से न सिर्फ ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। बल्कि सेब में घुलनशील फाइबर, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

**नाशपाती**

नाशपाती में 84% तक पानी पाया जाता है। वहीं इस फल में काफी सारा विटामिन और फाइबर भी पाया जाता है, जोकि ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स होने के साथ यह शरीर इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाता है।

**एवोकोडो**

एवोकाडो हेल्दी फैट्स और पोटेशियम से भरपूर होता है। यह फल डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी होता है। यह बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के लेवल को कम करता है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स डायबिटीज मरीजों के लिए कम और सुरक्षित माना गया है।

**अनार**

डायबिटीज के मरीजों के लिए अनार काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि अनार ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में सहायता करता है।

**पपीता**

पपीता में ढेर सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो इसको डायबिटिक के लिए हेल्दी बनाते हैं। बल्कि हार्ट डिजीज से बचाव करने के लिए भी यह फायदेमंद है। पपीता में एंजाइम पाया जाता है, जो फ्री रेडिकल से बचाता है।

**संतरा**

संतरा डायबिटीज के अलावा भी कई बीमारियों में फायदेमंद माना जाता है। संतरा में फाइबर, विटामिन सी और बी1 पाया जाता है और इसमें शुगर की मात्रा भी कम होती है। जिससे ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। संतरा में 87% तक पानी होता है और ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है।

## सर्दियों में बार-बार तला-भुना खाने से बिगड़ गया है पाचन, तो कैसे करें सुधार, एक्सपर्ट ने बताए उपाय



क्या तला-भुना खाने की वजह से आपका पाचन खराब हो गया है? ऐसे में एक्सपर्ट्स द्वारा बताए गए कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर गैस, अपच और पेट के भारीपन से राहत पाई जा सकती है। ये उपाय पाचन तंत्र को दोबारा मजबूत बनाने में भी सहायक होते हैं।

सर्दियों के मौसम में सबसे ज्यादा तला-भुना खाना ठूस-ठूस लोग खाते हैं, क्योंकि इस मौसम में ज्यादा तले-भुना खाने से कोई दिक्कत नहीं होती है। लेकिन बार-बार पूड़ी, पराठा और जंक फूड खाने से कई बार पाचन की समस्या आती है। आजकल ज्यादा मिर्च-मसाले वाला भोजन हमारी रोजमर्रा की डाइट में शामिल हो गया है। इसे कभी-कभार खाने से नुकसान नहीं होता, लेकिन अगर यही आदत बन जाए तो यह धीरे-धीरे पाचन तंत्र को प्रभावित करने लगता है। कमजोर पाचन के कारण कब्ज, एसिडिटी, गैस और अपच जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट मानते है कि पाचन कमजोर होने पर तुरंत दवाओं पर निर्भर नहीं होना चाहिए, बल्कि डाइट में इन चीजों को शामिल करने से पेट पाचन दुरुस्त हो जाएगा। आइए आपको बताते हैं कुछ उपाय जिससे पाचन तंत्र मजबूत हो जाएगा।

**गुनगुना पानी, काला नमक, अजवाइन और हींग**

अगर आप अपने पाचन तंत्र को मजबूत करना चाहते हैं, तो एक गिलास गुनगुना पानी पिएं। इसमें काला नमक, अजवाइन और चुटकीभर हींग मिलाकर पिएं। गुनगुने पानी में काला नमक, अजवाइन और हींग का सेवन करने से पेट में गैस और अपच से राहत मिलती है। यह पाचन अग्नि को एक्टिव करने मदद मिलती है।

**खाना खाने के बाद 10 मिनट टहलें**

सर्दियों के दौरान लोग भर-भर पेट तो खा लेते हैं, लेकिन आलस के चक्कर में टहलते नहीं है। खाने को पचाने के लिए खाने के बाद 10 मिनट वॉक करें। यदि आप खाना खाने के तुरंत बैठ जाते हैं या लेट जाते हैं, तो आपका पाचन धीमा हो सकता है। खाने के बाद 10 मिनट वॉक करेंगे, तो अपच और ब्लोटिंग की समस्या दूर होती है।

**चावल की कांजी पिएं**

हेल्थ एक्सपर्ट न बताया है, अच्छे पाचन के लिए सुबह चावल की कांजी का सेवन करना फायदेमंद होता है। यह शरीर को नेचुरल प्रोबायोटिक्स देता हैं। चावल की कांजी का सेवन करके गट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाकर पाचन को सुधारने में मदद मिलती है।

**आइए आपको बताते हैं चावल की कांजी कैसे बनाएं-**

- उबले हुए चावल को पानी में भिगोकर रातभर रखें।
- सुबह उस पानी को हल्का मसलकर नमक मिलाएं और काजी के तरह पी जाएं।
- यदि आप चाहें तो इसमें नीम, राई और सरसों का तड़का लगा सकते हैं।

**एक्सरसाइज जरुर करें**

तला-भुना भोजन खाने के बाद शरीर को फिर से संतुलन में लाने के लिए उसे सक्रिय रखना जरूरी होता है। इसके लिए हल्की एक्सरसाइज या योग करना फायदेमंद रहता है। इससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है और कब्ज व एसिडिटी जैसी परेशानियों से राहत मिलती है।

**फाइबर और प्रोबायोटिक्स बढ़ाएं**

अत्यधिक तला-भुना खाने से पाचन कमजोर हो जाता है। ऐसे में आप अपने डाइट में फल, सब्जियां, दही और छाछ को शामिल कर सकते हैं। यह गट की सफाई करेंगे और पाचन संतुलन में मदद करेंगे।


कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड 2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभव से मिलकर लाभ उठायें
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
पताः टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
महेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/139-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, सिज़ोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170